# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2024, शुक्ल पक्ष (पौष) विक्रम संवत - 2080, जनवरी




## श्री रामोत्सव

# "मेरी बस्ती मेरी अयोध्या"



**सेवा भारती इंदौर, मालवा प्रान्त** द्वारा आयोजित **श्री रामोत्सव** राष्ट्र निर्माण का परिचायक है। 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर को माध्यम बनाते हुए सेवा भारती इंदौर ने श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करके जुलाई माह में **"मेरी बस्ती मेरी अयोध्या"** का संकल्प लिया। जिसमें **इंदौर महानगर** की सभी **353 बस्तियाँ** जहां सेवा कार्यों की आवश्यकता थी, सेवा कार्य युक्त करने का लक्ष्य दिसम्बर माह तक प्राप्त कर लिया। वर्तमान में सेवा भारती द्वारा इन बस्तियों में कुल **722 सेवा गतिविधियां** संचालित हो रही हैं। इन सभी गतिविधियों के संचालन केंद्रों के पालक, संचालक/संचालिका तथा केंद्रों पर आने वाले बच्चों का सामूहिक एकत्रीकरण कार्यक्रम ***श्री रामोत्सव के रूप में दिनांक 7 जनवरी 2024, रविवार को चिमनबाग मैदान में सांय 4 बजे आयोजित हुआ।***

**शंखनाद के साथ शुरू हुआ रामोत्सव, ढोल मंजीरों की गूँज के साथ आई बस्तियों से टोलियाँ बस्तियों के 650 बच्चों ने प्रस्तुतियां दी -**

इन बच्चों व इनके शिक्षक/शिक्षिकाओं की 3 महीनों से चल रही मेहनत, लगन व अभ्यास का परिणाम इंदौर वासियों को नियुद्ध, बाल अभिनय, अखाड़ा प्रदर्शन, नृत्य व सामूहिक भजन जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों के रूप में देखने को मिला।

***आठ हजार से अधिक की संख्या में उपस्थित दर्शकगणों को मिला दीदी माँ का आशीर्वाद***

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूज्या साध्वी ऋतम्भरा देवी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से दर्शकों को भावुक कर दिया।

**"जहाँ सेवा की उत्कृष्ट भावना है, वहीं श्री राम हैं"**

सेवा भारती के कार्यों की प्रशंसा करते हुए दीदी माँ ने कहा कि आज समाज में व्याप्त विद्वेष को दूर करने में सेवा भारती की प्रेम यात्रा ही काम आएगी।

> "सेवा भारती इंदौर ने श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करके जुलाई माह में **"मेरी बस्ती मेरी अयोध्या"** का संकल्प लिया। जिसमें इंदौर महानगर की सभी 353 बस्तियाँ जहां सेवा कार्यों की आवश्यकता थी, सेवा कार्य युक्त करने का लक्ष्य दिसम्बर माह तक प्राप्त कर लिया। वर्तमान में सेवा भारती द्वारा इन बस्तियों में कुल 722 सेवा गतिविधियां संचालित हो रही हैं।"

| | |
|---|---|
| 16184 | शिक्षा |
| 10513 | स्वास्थ्य |
| 9543 | सामाजिक |
| 6805 | स्वावलम्बन |

## सेवा कार्यवृत्त

"नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय -झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर के 903 जिलों में सेवा भारती द्वारा 43045 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।"







## किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग भाग्यनगर (हैदराबाद)

**राष्ट्रीय सेवा भारती** अपने प्रतिनिधि संस्थओं के माध्यम से 3 हजार से अधिक किशोरी विकास केंद्र चलाती है, जहां वह किशोरियों को शिक्षा, कौशल विकास, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य और संबद्ध विषयों में मार्गदर्शन देती है। सेवा के उद्देश्य से शुरू हुए किशोरी विकास केंद्र आज नई उम्मीद और नई सवेरे का विकास केंद्र बन चुके है। इस बात को ध्यान में रखते हुए केन्द्रों को अधिक प्रभावी और सुचारु रूप से चलाने की दृष्टि से अखिल भारतीय स्तर पर किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया । इस वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ता की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल एवं ज्ञानवर्धन करने का प्रयास किया गया। यह वर्ग **28, 29 अक्टूबर 2023** को **भाग्यनगर** में आयोजित किया गया। इन केंद्रों से **130 बंधु व भगीनी, 33 प्रांत** से अखिल भारतीय किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित हुए।वर्ग में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने प्रांत के सफल प्रयोगों को सबके साथ साझा किया।

## स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना वर्ग (झिन्झोली)

**राष्ट्रीय सेवा भारती** ने अपने कार्यकर्ताओं के बहुमुखी विकास एवं प्रबंध क्षमता बढ़ाने के दृष्टिकोण से **स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना** शुरू करने का निर्णय किया। इस योजना के अंतर्गत सभी क्षेत्रों से कुल 92 प्रतिभागियों के नाम आए, चयन प्रक्रिया के माध्यम से 27 प्रतिभागियों के नाम प्रथम समूह के लिए इस वर्ष की स्व. सूर्यनारायण कार्यकर्ता विकास योजना के लिए निश्चित किए गये जिन्हें विकास यात्री से सम्बोधित किया गया। प्रथम प्रशिक्षण **"दिशा वर्ग"** का आयोजन **30 नवंबर से 4 दिसंबर 2023** तक झिंझोली में आयोजित किया गया । इन 27 विकास यात्रियों में से 7 महिला व 20 पुरुष रहे । प्रतिदिन एक **सेवा पुरोधा की सेवा यात्रा** से आरम्भ होने वाले इस पञ्चदिवसीय वर्ग का मुख्य उद्देश्य बहुमुखी विकास एवं प्रबंध क्षमता को बढ़ावा देना रहा जिसके लिए 7 मेंटर्स चयनित किये गए । सभी प्रतिभागी और मेंटर्स ने शारीरिक, मानसिक और ऊर्जावान गतिविधियों के द्वारा नए प्रकार के वर्ग के सुखद अनुभव से अपनी विकास यात्रा प्रारम्भ के प्रथम वर्ग का समापन किया गया।








# सुपोषित भारत - समर्थ भारत
## सुपोषण जागरूकता अभियान



राष्ट्रीय सेवा भारती ने अपने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सुपोषित भारत अभियान के रूप में एक और नया आयाम प्रारंभ किया है। इसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चे 6 से 16 वर्ष की किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण कर उनको कुपोषण के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए इस विभीषिका से बाहर निकलने का कार्यक्रम तय किया है। सर्वप्रथम 20 सेवा बस्तियों में 2000 परिवारों के बीच कुपोषण की समस्या का विधिवत वैज्ञानिक अध्ययन किया गया। इन परिवारों के कुपोषित सदस्यों के बीच पौष्टिक आहार की जरूरत के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर पहले 1000 दिन तक सुपोषित आहार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अभियान के अगले चरण में 01 से 30 सितंबर 2023 के बीच सुपोषित जागरूकता अभियान चलाकर 13 प्रांतों के 290 जिलों में 1180 सेवा बस्तिया तक इसकाविस्तार किया गया। इस दौरान अब तक 15 नुक्कड़ नाटक, 24058 पत्रक वितरण, 421 गोष्ठियां,473 स्वास्थ्य शिविर 51 निबंध प्रतियोगिता, 67 पोस्ट लेखन, 100 दीवार लेखन तथा 458 अन्यकार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं।आगामी वर्षों में इन सभी कार्यक्रमों में तेजी एवं विस्तार लाने की योजना बनाई जा रही है जिसमें कठपुतली शो, लघु फिल्म का प्रदर्शन, सोशल मीडिया कैंपेनिंग इत्यादि भी शामिल किए जाएंगे।

आगामी वर्षों में इन सभी कार्यक्रमों में तेजी एवं विस्तार लाने की योजना बनाई जा रही है जिसमें कठपुतली शो, लघु फिल्म का प्रदर्शन, सोशल मीडिया कैंपेनिंग इत्यादि भी शामिल किए जाएंगे।



### सुपोषण जागरूकता अभियान (1 सितम्बर -30 सितम्बर 2023) कार्यक्रम वृत्त

| प्रान्त | जिले | सेवा बस्ती |
|---|---|---|
| 13 | 290 | 1180 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 नुक्कड़ नाटक | 24058 पत्रक वितरण | 421 गोष्ठियां | 473 स्वास्थ्य शिविर |
| 51 निबंध प्रतियोगिता | 67 पोस्टर लेखन | 100 दीवार लेखन | 458 अन्य |

## सुपोषित भारत प्रशिक्षण वर्ग जलगांव (महाराष्ट्र)

सुपोषित भारत योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा दिनांक 18 नवम्बर – 19 नवम्बर 2023 को जलगांव (महाराष्ट्र) आयोजित किया गया । विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित स्वास्थ्य चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने कुपोषण मुक्त भारत के मुद्दे पर प्रकाश डाला। अपने देश के कुपोषण की स्थिति ध्यान में लेकर अपनी योजना से चलने वाली सभी संस्थाओं ने इस विषय में प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया जाये, इस दृष्टि से सुपोषण के क्षेत्र में कार्य कर रहे अपने कार्यकर्ताओं की क्षमता विकास हेतु इस प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जिसमे देश के 29 प्रांतों से सेवा समिति के 69 कार्यकर्ता एकत्रित हुए।





# स्वयंसेवक एवं सेवा भारती के कार्यकर्ता बने सेवादूत







## चक्रवात से प्रभावित दक्षिण क्षेत्र में आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए सेवा भारती के स्वयंसेवक बने सेवादूत

चक्रवाती तूफान मिचौंग ने चेन्नई में भारी वर्षा से तबाही मचा दी है। जिसके कारण चेन्नई (तमिलनाडु) में जीवन संकटमय हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सेवाभारती के कार्यकर्ता इस आपदा का डट कर सामना करते हुए सेवा कार्य मे जुट गए है और यथा संभव सहायता पहुँचाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर 2000 से अधिक परिवारों के लिए भोजन, पानी, दूध ,ब्रेड , पानी, कपड़े, नैपकिन, आदि सामग्री वितरित की गई। प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत आवश्यक सामग्री व दवाई भी वितरित की जा रही हैं। बाढ़ से उबरने के लिए अच्छे स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा शिविर, स्कूली छात्रों को किताब और नोट्स की आवश्यकता हैं। इन शिविरों के माध्यम से 1500 से अधिक रोगियों का इलाज किया गया। हमारे स्वयंसेवक बाढ़ पीड़ितों की सहायता करते हैं और बाढ़ की स्थिति से निपटने में सहायता लाइन स्थापित करना, बचाव अभियान, राहत अभियान, पुनर्वास आदि शामिल करते हैं।।

## प्रान्त: झारखण्ड




### सेवा भारती की स्मारिका "उदीयमान भारत-हमारी भूमिका" का लोकार्पण

दिनांक 08 अक्टूबर 2023,सेवा भारती,झारखंड की सेवा जागरण पत्रिका सेवा सुरभि के 24वां विशेषांक "उदीयमान भारत - हमारी भूमिका" का लोकार्पण किया गया।

भारत माता के चित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुती हुई।

लोकार्पण समारोह के मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश कुलपति माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल ने अपने संबोधन में कहा कि किसी को संपत्ति देना ही नहीं अपितु स्वयं को समर्पित करने की भूमि है हमारा भारत। हमारे लिए सेवा नई बात नहीं है। सेवा हमारी परंपराओं में निहित है। देश में सकारात्मक विचार का संचार होना चाहिए।

## प्रान्त: उड़ीसा पूर्व



### गोपबंधु जयंती के अवसर पर "रक्तदान शिविर" का आयोजन

दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को गोपबंधु जयंती के अवसर पर **उत्कल बिपन्न सहायता समिति, भुवनेश्वर** में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा **95 यूनिट** रक्त एकत्र किया गया।



## प्रान्त: मालवा



### कन्या पूजन के साथ साथ "कन्या शिक्षा" को प्रोत्साहन बालिका छात्रावास को मिली स्थाई कंप्यूटर लैब की भेंट

सेवा भारती उज्जैन,मालवा प्रान्त द्वारा संचालित सेवा भारती बालिका छात्रावास में रोटरी क्लब ऑफ उज्जैन ग्रेटर के सौजन्य से कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया। जिसमें छात्रावास को 10 कम्प्यूटर फर्नीचर सहित भेंट किए गए । कार्यक्रम में सेवा भारती समिति व रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ साथ उज्जैन के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रान्त: मालवा





सेवा भारती बालिका छात्रावास, उज्जैन की "बालिका करिश्मा के नेतृत्व" में कन्या कॉलेज की कबड्डी टीम विजेता

उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में सेवा भारती बालिका छात्रावास उज्जैन की करिश्मा धन्ना गमार बी. कॉम. तृतीय वर्ष (कप्तान-कबड्डी) का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवं संभाग हेतु चयन।

प्रतियोगिता में कुल आठ महाविद्यालयों के दल ने सहभागिता की । जिसमें शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम विजेता रही। करिश्मा गमार का चयन सोनकच्छ में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ।

## प्रान्त: जम्मू कश्मीर



### सिलाई केंद्र का शुभारम्भ

सेवा भारती जम्मू कश्मीर के द्वारा किश्तवाड जिला के छातरू खण्ड के तागुद में विजय दशमी के अवसर पर एक सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिले मे चलने वाला यह 8वां सिलाई केंद्र है।



## प्रान्त: पंजाब




### "रक्तदान शिविर" का आयोजन

दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को सेवा भारती मानसा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आए 25 रक्तदाताओं को सम्मानित किया और उन्हें सम्मान चिन्ह दिया गया । सेवा भारती मनसा के अधिकारियों ने भी रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में एचडीएफसी बैंक मानसा के मैनेजर अपनी टीम सहित पहुंचे उन्होंने सेवा भारती मानसा द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की और सेवा के पुनीत कार्यों के लिए सेवा भारती को बैंक से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## प्रान्त: दक्षिण बिहार




### वंचित एवं पिछड़े परिवार के बच्चों के लिए "दशरथ मांझी छात्रावास" का शुभारम्भ

सेवा भारती की ओर से समाज के वंचित परिवारों के बच्चों की पढ़ाई के लिए माड़नपुर बाइपास में वाल्मीकि जयंती पर दशरथ मांझी छात्रावास का शुभारंभ किया गया। छात्रवास का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती के अध्यक्ष पन्नालाल भंसाली जी, रा. स्व. स. के क्षेत्र कार्यवाह डा. मोहन सिंह,रा. स्व. स. के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी जी, पूर्व सांसद राम जी मांझी व विद्या भारती के सचिव रमेंद्र राय के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 197 बच्चों के बीच प्रतियोगिता परीक्षा ली गई। इसमें से चयनित 25 बच्चों को दशरथ मांझी छात्रावास में रखा जाएगाएवं उनके पठान पाठन, रहने व् भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा नि:शुल्क की जाएगी ।उद्घाटन कार्यक्रम में समाजसेवी एवं समाज के गणमान्य लोगों की उपस्तिथि रही दशरथ मांझी छात्रावास में बच्चो को उनके द्वारा गोद लेने पे अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया।








## प्रान्त: झारखण्ड




### सेवा भारती झारखण्ड के आचार्य सेवा प्रशिक्षण वर्ग में "शरद पूर्णिमा कार्यक्रम" आयोजित किया गया

29 अक्टूबर 2023, सेवा भारती झारखण्ड के आचार्य सेवा प्रशिक्षण वर्ग में शरद पूर्णिमा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने मंत्रोचार, वंदना, दोहा, चौपाई व सांघिक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शरद पूर्णिमा की पौराणिक कथाओं का स्मरण कराया । इसके पूर्व अतिथि परिचय व स्वागत धनबाद महानगर सचिव श्री आलोक प्रकाश जी ने किया एवं प्रशिक्षण वर्ग का कार्य परिचय श्रीमती कंचन प्रभा जी ने रखा।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी श्री गुरुशरण प्रसाद जी एवं सीसीएल के पूर्व सीएमडी श्री गोपाल सिंह जी ने संबोधित किया।कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत सभी ने सहभोज का आनंद लिया।



### प्रान्त: पंजाब

## गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर "न्यूरोथेरेपी( इलाज व प्रशिक्षण)" का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया

सेवा भारती जीरकपुर ने LMNTRTI के साथ मिलकर न्यूरोथेरेपी का दो दिवसीय शिविर(इलाज व प्रशिक्षण) मोतिया सिटी जीरकपुर में गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित किया गया।

शिविर में प्रमुख न्यूरोथैरेपिस्ट श्री अजय गांधी जी ने बताया कि हम न्यूरोथेरेपी के द्वारा सर्वाइकल,शुगर, बीपी, बैक पेन, घुटनों में दर्द, सरदर्द, पाइल्स, कोलेस्ट्रॉल , माइग्रेन, अस्थमा तथा बहुत सारे अन्य रोगों का बिना किसी दवाई के इलाज कर सकते हैं।

शिविर में लगभग 100 लोगों ने थेरेपी ली तथा इसका प्रशिक्षण भी लिया ताकि वह अपना इलाज घर पर ही कर सकें और इन रोगों से अपने आप को ठीक कर सके या बचा सके।

### प्रान्त: केरल

## सेवा भारती एत्तुमानूर "पैलिएटिव केयर" की "होम केयर सेवा" प्रारंभ

एत्तुमानूर नगर पालिका स्थित सेवाभारती एत्तुमानूर द्वारा शयनस्थ रोगियों की देखभाल हेतु होम केयर गतिविधि शुरू की गई। 17/10/2019 सुबह 10 बजे राष्ट्रीय सेवा भारथी कोट्टायम जिला उपाध्यक्ष श्री एम ए. राजीव होम केयर सर्विस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सेवा भारती एत्तुमानूर अध्यक्ष और कोट्टायम कल्याण अस्पताल के डॉक्टर डॉ वी वी. सोमन ने घरों में जाने की गतिविधियों का नेतृत्व किया। उपशामक देखभाल टीम ने पहले दिन 7 घरों का दौरा किया, रक्तचाप, मधुमेह के लिए 10 मरीजों की जांच की और उम्र से संबंधित मामलों से भी निपटने की।

सेवा भारती एत्तुमानूर के तहत उपशामक देखभाल संचालन में दो नर्स, एक वाहन और एक चालक हैं। सेवाभारती एत्तुमानूर नगर पालिका और एत्तुमानूर शहर क्षेत्रों में निःशुल्क उपशामक देखभाल गतिविधियों का वितरण करेगी। इसके साथ ही मरीजों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, मेडिकल बेड, वाटर बेड, एयर बेड, व्हील चेयर और वॉकर जैसे आवश्यक उपकरण भी मुफ्त में उपलब्ध कराए जाते हैं।

### प्रान्त: मध्य भारत

## विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर रायसेन सेवा भारती द्वारा "नेत्र परीक्षण शिविर" का आयोजन किया

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर दिनांक 13 अक्टूबर को रायसेन सेवा भारती द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अवधेश अग्रवाल, डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने मरीजों की जांच की। 45 मरीजों का नेत्र परीक्षण द्वारा किया गया ।

## सुपोषित जागरूकता अभियान की झलकियाँ



मध्य भारत प्रान्तः सुपोषित भारत अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन



दिल्ली प्रान्तः सुपोषित भारत अभियान के अंतर्गत बस्ती सभा




जयपुर प्रान्तः सुपोषित भारत अभियान के अंतर्गत चित्र प्रतियोगिता




# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

## सावित्रीबाई फुले एकात्म समाज मंडल छत्रपति सम्भाजी नगर, महाराष्ट्र

-अंजू पाण्डेय

### कौशल विकास परियोजना की सफलता की कहानी

**वैशाली अमृतकर**



ये हैं **वैशाली अमृतकर,** सावित्रीबाई फुले मंडल द्वारा संचालित **अन्नप्रक्रिया (food Processing)** तथा केटरिंग प्रशिक्षण प्रोजेक्ट की छात्रा। अत्यंत कठीन आर्थिक स्थिती में थी। कुछ स्वयंरोजगार कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिती संभालना चाहती तो थी किंतु, स्वावलंबन प्रशिक्षण का शुल्क उसमें अवरोध थे। ऐसेमें वैशाली को मंडल द्वारा संचालित कोर्स नाममात्र शुल्कमें उपलब्ध हुआ। उन्होने इसमे दक्षता प्राप्त की। साथ ही परंपरागत महाराष्ट्रीय पक्वान्न **'मांडे'** तथा **'पुरनपोली'** बनाकर बेचना प्रारंभ किया। देखते ही देखते वैशाली के ये वैशिष्ट्यपूर्ण पक्वान्न लोकप्रिय हुए तथा उन्हे अच्छी कमाई भी होने लगी।

मंडल के अन्नप्रक्रिया एवं केटरिंग प्रशिक्षण कोर्सेस में **प्रतिवर्ष 160 महिला प्रशिक्षण** पूर्ण करती है तथा स्वयंरोजगार से आत्मनिर्भर बनती है।

**"जब इरादा बना लिया ऊँची उडान का;**
**फिर देखना फिजुल है कद आसमान का"**

**विद्या सोनवणे**



ये हैं **विद्या सोनवणे,** जिसको को युवावस्था तक ही जिंदगी की सारी कठीन परिक्षायें देनी पडी थी। गरीबी, भेदभाव तथा घर से लेकर बाहर की दुनिया तक कडा संघर्ष करते करते वह मांनो थक चुकी थी। ऐसेमें एक मार्ग मिला जिसने उन्हे आत्मनिर्भर बनाया और सम्मान की जिंदगी दी।

सावित्रीबाई फुले महिला एकात्म समाज मंडल के **ब्युटीशियन प्रशिक्षण कोर्स** को पूरा करते ही उसने स्वयंरोजगार शुरु किया। फिर थोडी राशी जमा कर स्वयंका **'माया ब्युटी पार्लर'** प्रारंभ किया। आज उन्होने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिती का उन्नयन किया है। अपितु, अपने जैसी **3 और प्रशिक्षित महिलाओं** को अपने ब्युटीपार्लर में नोकरी भी दी है।

**"जीवन उनका नही युधिष्ठिर!... जो उससे डरते है,**
**वह उनका जो चरण रोप निर्भय होकर लडते है..."**
**(रामधारी सिंह 'दिनकर')**

**संपर्क सूत्र : श्रीमती वर्षा पाटिल**
**9404988302**



**असम प्रान्त:** लखीमपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**मालवा प्रान्त:** बद्रीनाथ जिले में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर




**पंजाब प्रान्त:** नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया




**झारखण्ड प्रान्त:** सेवा भारती,रांची महानगर में 51 कन्या पूजन कार्यक्रम




**झारखण्ड प्रान्त:** सेवा भारती, धनबाद में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजन



**मालवा प्रान्त:** रतलाम सेवा भारती द्वारा सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजन



**असम प्रान्त:** डिबरूगड़ जिले में मातृ मंडल सम्मलेन आयोजन



**असम प्रान्त:** गोलाघाट में मोबाइल पैथोलॉजी लैब परीक्षण शिविर आयोजन



**असम प्रान्त:** जोरहट में हस्तकला प्रशिक्षण शिविर आयोजन

**कार्यालय पता:**
**राष्ट्रीय सेवा भारती**
BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005

वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : rashtriyasewa@gmail.com
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005